



# बनवा जागीर से नहीं हटे अतिक्रमण

**खास बातें**
- सरकारी जमीन निजी जमीन में तब्दील
- अधिकारी की मेहरबानी, प्रभावशीलों के कब्जे में जमीनें



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 25 सितम्बर, कलेक्टर द्वारा गंजबासौदा के गांव बनवा जागीर जहां गौशाला है.वहां प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखे हैं.तत्कालीन पटवारी तहसीलदार और सरपंच की लापरवाही के कारण अतिक्रमणकारियों ने फर्जी दस्तावेज फर्जी नंबर के आधार पर कब्जा कर मकान बना लिए हैं.कुछ लोग खेती कर रहे हैं. कुछ लोगों ने कृषि फार्म हाउस के लिए जमीन रखी है.**

यह अतिक्रमण पूरा नहीं हटा है.देखने दिखाने थोड़ा बहुत अतिक्रमण हटा दिया जाता है.बाद में फिर अतिक्रमण हो जाता है.जब यह पूरी भूमि शासकीय है तो निजी भूमि में कैसे तब्दील हो गई. निश्चित रूप से कहीं ना कहीं अधिकारी भी इसमें लिप्त है.पुराने रिकॉर्ड देखे जाए तो सारी स्थिति सामने आ जाएगी.क्यों पुराने रिकॉर्ड नहीं निकाले जाते.

गंजबासौदा नगर के चारों तरफ यही स्थिति बनी हुई है.शासकीय भूमि जहां दिखती है.वहां लोग कब्जा जमा लेते हैं जय स्तंभ चौक के निकट विश्राम गृह है. जहां वीआईपी लोगों के साथ मुख्यमंत्री मंत्री एवं राष्ट्रपति तक आते हैं और यहां रुकते हैं.इसकी बाउंड्री वॉल से लगकर लोगों ने अतिक्रमण कर रखे हैं.यही स्थिति विद्युत विभाग की बनी हुई है.इससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है और पूरा क्षेत्र कबाड़खाना दिखाई देता है. कलेक्टर का आना-जाना इस विश्राम गृह में लगा रहता है.परंतु वह भी कभी विश्राम गृह के बाहर निकल कर स्थिति नहीं देखते क्या हालत बनी हुई है.सामने स्वर्गीय मदन बाबू मिश्र क्लब की हालत देखते ही बनती है.पूरा क्लब कबाड़े में तब्दील हो चुका है अब वहां घूमने फिरने लोग नहीं जाते गंदगी भरी पड़ी है.

शराबी शाम होते ही अंदर घुस जाते हैं और दारू पीते हैं कोई देखने सुनने वाला नहीं है.नगर पालिका परिषद भवन के चारों तरफ पर्याप्त स्थान है.वहां नगर पालिका के कचरा वाहन नहीं रखे जाते इसी पार्क में वर्षों से रखे जा रहे हैं.कई टूटे-फूटे वाहन गायब हो चुके हैं.इसके बाद भी नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं.

**अधिकारी, पार्षदों तक के नहीं उठाते फोन**

नगर पालिका परिषद में पदस्थ अधिकारी कभी नगर भ्रमण पर नहीं निकलते कहां क्या स्थिति है.नहीं देखते जिन अधिकारियों को कोई नहीं झेलता उन्हें गंजबासौदा नगर पालिका में भेज दिया जाता है यह लोग पार्षदों के फोन नहीं उठाते.मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा इंजीनियर कभी वार्डों में नहीं पहुंचते.समस्याओं को देखने इस स्थिति में व्यवस्था कैसे सुधरे यह चिंता का विषय है. सभी विभागों में यही स्थिति बनी हुई है.

## किसान हो रहे परेशान, सरकार को नहीं है फिक्र

**सीएम के नाम किसान कांग्रेस ने दिया ज्ञापन**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 25 सितम्बर,** किसानों को खेती में हो रही परेशानी को देखते हुए किसान कांग्रेस ने गुरूवार को सीएम के नाम ज्ञापन दिया. जिसमें आरोपी लगाए कि किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता न होने, फसल खरीदी व्यवस्था में भ्रष्टाचार हो रहा है.कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि कसानों को जरुरत के हिसाब से डीएपी, यूरिया और बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. व्यापारी मनमानी कर रहे हैं और शासन-प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है. खाद-बीज न मिलने से किसान समय पर बोवनी नहीं कर पा रहे हैं. सही से फसल उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं. सरकार द्वारा खरीदी केंद्रों पर किसानों को सही दाम पर फसल बेचने की व्यवस्था नहीं है. खरीदी में पर्ची (रजिस्ट्रेशन) की गड़बड़ी और दलालों की मिली भगत से किसानों को ठगा जा रहा है. किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने मांग की है कि जिले में पर्याप्त खाद-बीज का स्टॉक तुरंत उपलब्ध कराया जाए. खरीदी केंद्रों पर किसानों की फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर पारदर्शी तरीके से हो. किसानों को ठगने वाले दलालों और भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही हो. आगामी रबी-खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए समय रहते सभी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं. इसके साथ ही किसान कांग्रेस ने कहा कि विदिशा संसदीय क्षेत्र में आयोजित खेल-कूद विभाग के कार्यक्रमों में भी गड़बड़ी सामने आई है. खिलाड़ियों के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है, इसलिए इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए. ज्ञापन देने वालों में में रणधीर सिंह ठाकुर, रमेश तिवारी, आशीष माहेश्वरी,अर्पित उपाध्याय,रवि साहू, राजकुमार पासी, अरुण अवस्थी समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे.

## जीएसटी से कम हुए दाम, फिर भी प्रिंट रेट पर बिक रहा सामान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सरकार ने भले ही जीएसटी कम करके उपभोक्ताओं को राहत दी है लेकिन उस राहत का फायद उपभोक्ताओं को पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है. शहर की अधिकांश दुकानों पर कम हुई जीएसटी की सुविधा नहीं दी जा रही है. दुकानदार और मॉल में भी कम जीएसटी का फायदा ग्राहकों को नहीं दिया जा रहा है. जिसके चलते आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है.22 सितंबर से जीएसटी को कम कर दिया गया था. जबकि 25 सितंबर को शहर के अधिकांश मॉल पर कम जीएसटी का सामान नहीं दिया जा रहा है. जो बिल दिया जा रहा है वह पुराने जीएसटी के आधार पर ही दिया जा रहा है. इसी तरह सामान पर जो पुराना प्रिंट रेट दर्ज है उसी हिसाब से पैसे लिए जा रहे हैं. रविवार को एक उपभोक्ता ने एक मॉल से सामान खरीदा जिसे पुराने प्रिंट रेट पर ही सामान देकर पैसा लिया गया. जिस पर उपभोक्ता ने एतराज जताया तो मॉल के कर्मचारी का साफ कहना था कि सामान पर जो प्रिंट दर्ज है उसी हिसाब से बिल दिया गया है और उसी हिसाब से पैसा देना होगा. उपभोक्ता ने बताया कि इस तरह से तो कई महीने बीत जाएंगे और उपभोक्ताओं को पुराने जीएसटी के हिसाब से ही पैसा देना होगा और कम हुए जीएसटी का फायदा ही नहीं मिल पाएगा.

## जयसिंह राजा ने दी भजनों की प्रस्तुति, सुबह 4 बजे तक चला कार्यक्रम



नवभारत न्यज


**पठारी ,**जय अंबे नवदुर्गा उत्सव समिति बड़ी माता मंदिर पठारी के तत्वाधान में पठार वाले हनुमान मंदिर प्रांगण में बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीत एवं भजन गायक जय सिंह राजा वीना पंडित, सरोज कुशवाहा के द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई.जिसे सुनकर लोग मंत्र मुग्ध हो गए और कार्यक्रम सुबह 4 बजे तक चलता रहा. भजनों के दौरान सभी गायको ने लोक भजनों एवं माता रानी की भक्ति के रूप में खूब तालियां बजवाई. वहीं आज शुक्रवार को बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकगीत एवं हास्य कलाकार जित्तू खरे अपनी प्रस्तुति देंगे.

## सोसायटी का खाद मकान में रखने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सहकारी सोसायटी इकलौद में किसानों को वितरित करने के लिए आया करीब एक गाड़ी खाद एक मकान में रखने की जानकारी जब लोगों को मिली तो उन्होंने इसकी शिकायत प्रशासन से की. जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया. जिसके बाद खाद को अब गोदाम में भेजा जा रहा है. हालांकि समिति द्वारा इसकी सूचना विभाग को देने की जानकारी भी सामने आई है.**

क्षेत्र में इन दिनों किसान खाद के लिए परेशान हैं. खाद को लेकर सोसायटियों में किसानों की कतार हैं. किसानों का आरोप है कि उन्हें समय पर खाद, यूरिया नहीं मिल पा रहा है. खाद को लेकर किसानों की चिंता बढ़ रही है. जानकारी के अनुसार क्षेत्र की इकलौद सोसायटी में करीब एक गाड़ी खाद किसानों को वितरित करने के लिए आया था. लेकिन लोगों को जब जानकारी लगी कि खाद को एक मकान में रखा गया है. तो उन्होंने इसकी शिकायत अधिकारियों से की. जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और अधिकारियों ने मामले की जांच पड़ताल की. तथा खाद को गोदाम में भेजने के निर्देश दिए. जिसके बाद अब खाद को गोदाम में भेजने की कार्यवाही की जा रहा है. इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि इकलौद सोसायटी में आया करीब एक गाड़ी खाद एक मकान में रखने की सूचना मिली है. खाद को गोदाम में भेजा जा रहा है. हालांकि समिति द्वारा इसकी सूचना विभाग को देने की जानकारी सामने आई हैं.



## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कुरवाई दौरे को लेकर हुई चर्चा

**बैठक में तैयारियों पर किया विचार विमर्श**

**27 सितंबर को मुख्यमंत्री आयेंगे कुरवाई**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज**, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 27 सितंबर को प्रस्तावित कुरवाई दौरे को लेकर बुधवार को सिरोंज विकासखंड की एक बैठक हुई. जिसमें आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई. बैठक में क्षेत्र के लाभान्वित हितग्राहियों एवं नागरिकों की कार्यक्रम में उपस्थिति के बारे में विचार विमर्श किया गया.

बैठक में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद डॉ. मोहन यादव 27 सितंबर को पहली बार कुरवाई आ रहे हैं. इस दौरान मुख्यमंत्री करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात जनता को देंगे. क्षेत्र की जनता इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की साक्षी बने. उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार का लाभ जनता को मिला रहा है. उन्होंने जनता से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अधिक से अधिक करना चाहिए. देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर ऐतिहासिक निर्णय किया है. उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया. बैठक में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि कुरवाई विधानसभा का एक हिस्सा सिरोंज तहसील में भी आता है. उन्होंने क्षेत्र से भी हितग्राहियों एवं जनता की अधिक से अधिक तादाद में इस कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही.

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर हुई संगोष्ठी



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** भाजपा के पितृ पुरुष वा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा ने संगोष्ठी का आयोजन किया. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए विधायक मुकेश टंडन ने दीनदयाल का जीवन परिचय आत्म निर्भर भारत एवं स्वदेशी विषय पर बोलते हुए कहा कि जैसी अनुशासित पार्टी हमे मिली और आने वाली पीढ़ी को भी इसी प्रकार अनुशासित पार्टी मिले इस लिए हमे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा बताए मार्ग पर चलना होगा. विधायक ने हर वर्ग से स्वदेशी अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वदेशी वह हे जो हमारे देश में बनी हो हमारे देश का श्रम लगा हो जिससे देश के लोगों को रोजगार मिलता हो वह स्वदेशी आज मोबाइल से लेकर सेमी कंडक्टर देश में बन रहा हे इस लिए अब स्वदेशी अपनाए. इस दौरान अनिल सोनकर,तोरण सिंह दांगी जी, मंजरी जैन, संदीप सिंह डोंगर,वीर सिंह रघुवंशी,बलबीर सिंह रघुवंशी, सुरेंद्र चौहान, दिनेश कुशवाह,प्रशांत खत्री मौजूद रहे.

## कुरवाई में सीएम यादव के आगमन पर अनेक सौगातों की उम्मीद

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** मुख्यमंत्री मोहन यादव के कुरवाई आगमन को लेकर यहां जनता को अनेक सौगातों की उम्मीद बंध रही है, प्रशासनिक स्तर पर संभावित विकास कार्यो की स्वीकृति के लिए प्रतिवेदन तैयार करवाया जा रहा है. वहीं पूर्ण हो चुके विकास कार्यो को इस मौके पर लोकार्पित किया जायेगा. कुरवाई को विकास की मुख्यधारा से पीछे नहीं रहने दिया जायेगा. अनेक नये विकास कार्यो की मंजूरी के लिए मांगें रखी जायेगी.मुख्यमंत्री श्री यादव से कुरवाई के लिए वह बडी सौगात मिलने की संभावना है, यह विचार क्षेत्र के विधायक हरिसिह सप्रे ने गत दिवस भाजपा कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक में व्यक्त किए. इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महाराजसिंह दांगी, पूर्व विधायक श्यामलाल पंथी, पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष हरिसिंह चौहान, अधिवक्ता अर्जुनसिंह राय, जनभागीदारी के अध्यक्ष सीताराम सैनी, दिनेष शर्मा, महिला मोर्चा की रामकुमारी चौबे, मण्डल अध्यक्ष राजेष लोधी, रामेश्वर ऐलिया, व सुरेन्द्रसिंह दांगी, सहित प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे.विधायक हरिसिंह सप्रे ने कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि केन्द्र व राज्य की सरकार जनता के हित में अनेक योजनाओं चला रही है, प्रत्येक घर में सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है. प्रदेश के मुखिया सीएम मोहन यादव पहली बार कुरवाई आ रहे हैं.



## रंगोली, चित्रकला से दिया स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** शासकीय कन्या शाला स्कूल में बालिकाओं ने स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छता ही सेवा, गांधी जयंती आदि विषयों पर रंगोली, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया. नगरपालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा और सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 300 छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने स्वच्छता की शपथ ली. इस दौरान नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष सीएमओ, पार्षद आदि मौजूद रहे.

## प्रदेश उपाध्यक्ष शोभित जैन को बनाया उपाध्यक्ष



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मध्य प्रदेश अखिल भारतीय जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के राष्ट्रीयय अध्यक्ष हार्दिक इंडिया की सहमति से, आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड. राजीव जैन ने विदिशा के शोभित जैन को आईजा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है.इस अवसर पर, संगठन ने शोभित जैन के उज्जवल भविष्य की कामना की है और उनसे अपेक्षा की है कि वे संगठन सेवा के पथ और आईजा के रथ पर जिनशासन की प्रभावना में अपना संपूर्ण योगदान देंगे.

## प्रधान आरक्षक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी पर पुलिस ने रखा था 10 हजार का इनाम**



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** जिले में अपराधियों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि वह पुलिस कर्मियों पर भी हमला करने लगे हैं. इस स्थिति में लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, प्रधान आरक्षक वार्ड 3 नई बस्ती में बदमाशों की तलाश में जैसे ही पहुंचे वहां पर धर्मेंद्र रैकवार नामक व्यक्ति से उनका विवाद हो गया. धर्मेंद्र ने प्रधान आरक्षक की पिटाई शुरू कर दी इतना मारा कि वह लहूलुहान हो गए इसकी सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रधान आरक्षक भीम सिंह को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया. घटना के बारे में एसपी को जानकारी दी गई. उन्होंने आरोपी का सुराग देने और पकड़ने वाले को 10 हजार इनाम देने की घोषणा की. पुलिस आरोपी की तलाश में लगी हुई है. वहीं दूसरी तरफ ग्राम चौरावर में दो पक्षों के बीच आपसी रंजिश को लेकर बलवा हो गया. जिससे आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए. जिनको सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. गांव में किसी तरह की अप्रिय घटना घटित ना हो इसके लिए पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं. प्रधान आरक्षक पर हमला करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार, गंजबासौदा वार्ड 3 के निवासी धर्मेंद्र रैकवार जिन्होंने अपने मकान के बाहर पारिवारिक विवाद सुलझाने पहुंचे भीम सिंह प्रधान आरक्षक पर बुरी तरह प्राण घातक हमला कर भाग निकला था. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी घर के अंदर मारपीट कर रहा था. उसके भाई ने पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची तो धर्मेंद्र रैकवार हिंसक हो गया और उसने प्रधान आरक्षक पर हमला कर दिया आरक्षक को विदिशा रेफर किया गया है वह गंभीर रूप से घायल हुआ है हालत नाजुक है.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से

**लापरवाही** | **सड़कों के नाम पर हो रहा खेल, प्रशासन मौन**

# पानी की तरह बह रही सरकारी राशि




नवभारत न्यूज

**सांची, जनपद पंचायत सांची अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए करोड़ों की योजनाएँ चल रही हैं.लेकिन लाखों रुपये की लागत से बनी सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती जा रही हैं.न सरकार और न ही प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है, नतीजा यह कि ग्रामीण और किसान जर्जर सड़कों पर चलने को मजबूर हैं.**

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की अधिकांश सड़कों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बरसात में उन पर चलना तक मुश्किल हो गया. कई जगह सड़कें बारिश से ध्वस्त हो गईं, तो कहीं लापरवाही और भ्रष्टाचार ने उन्हें अधूरा छोड़ दिया.यही कारण है कि सोशल मीडिया पर इन दिनों सड़कों की दुर्दशा खूब वायरल हो रही है.

सबसे ताजा मामला दीवानगंज क्षेत्र के ग्राम बरजोरपुर से जमनिया तक बनने वाली 3 किमी लंबी ग्रेवल सड़क का है. 23 लाख रुपये की लागत से आरईएस विभाग द्वारा निर्माण की जिम्मेदारी ली गई थी. परंतु निर्माण एजेंसी ने छह माह पहले केवल गिट्टी डालकर काम अधूरा छोड़ दिया. जल निकासी के लिए डाली गई पाइपलाइन भी अधूरी छोड़ दी गई। नतीजा यह है कि पूरे बरसात भर ग्रामीण, किसान, गर्भवती महिलाएं और बीमार मरीज इस जर्जर मार्ग पर भारी परेशानी झेलते रहे.

ग्रामवासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि छह महीने से अधिक समय गुजर गया, लेकिन सड़क अधूरी पड़ी है. मरीजों को अस्पताल तक ले जाना मुश्किल हो गया है. किसान भी अपनी उपज मंडी तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं.हमारी समस्याओं की ओर न सरकार का ध्यान है और न ही विभाग का.स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकार और जनप्रतिनिधि जहां विकास के बड़े-बड़े दावे करते हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविकता बिल्कुल उलट है.अधूरी पड़ी सड़कें सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े कर रही हैं.

## पुरानी कृषि उपज मंडी में लाखों की चोरी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा**, पुरानी कृषि उपज मंडी कार्यालय नवीन मंडी में स्थानांतरित होने के पश्चात पुरानी मंडी की हालत लावारिस जैसी हो गई है.बदमाश मंडी भवन का सामान चुराकर ले जा रहे हैं.चद्दर जनरल लोहे की जाली दरवाजे जो हाथ लगता है निकाल कर ले जाते हैं.पूरा परिसर गंदगी में तब्दील हो चुका है.कृषि उपज मंडी के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं.नगर पालिका द्वारा एक परिसर में सब्जी मंडी खुलवा दी है जिसका टैक्स नगर पालिका वसूलती है. जबकि यह टेक्स कृषि मंडी को लेना चाहिए.परंतु ठीक है व्यवस्था बनाने के लिए नगर पालिका परिषद वसूली करती रहे.परंतु वहां सफाई तो करना चाहिए. .टैक्स चाहिए सफाई करना नहीं है बड़ी अजब गजब स्थिति बनी हुई है.

## शोध का उद्देश्य वास्तविक समस्याओं को हल करना-रघुवंशी

नवभारत न्यूज

**विदिशा, एसएटीआई में गुरुवार को उन्नत कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन हुआ.कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन को मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मैपकास्ट, भोपाल का प्रायोजन प्राप्त है.**

उद्घाटन सत्र में, विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील जोशी ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और सम्मेलन के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सम्मेलन के लिए लगभग 70 शोध पत्र प्राप्त हुए. जिनमें से 50 को प्रस्तुतीकरण के लिए चुना गया है. सम्मेलन की संयोजक और कंप्यूटर विज्ञान विभाग की प्रमुख, डॉ. कनक सक्सेना ने शोध के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शोध तभी सार्थक होता है जब वह ईमानदारी से किया जाए, न कि चैट जीपीटी जैसे एआई उपकरणों से नकल किया जाए.संस्थान के निदेशक डॉ. वाई.के. जैन ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के ऑफ़लाइन राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करना बहुत चुनौतीपूर्ण होता है.उन्होंने बड़ी संख्या में प्रतिभागियों को जुटाने के लिए आयोजन समिति को बधाई दी. सम्मेलन में अनुसंधान और विकास के डीन, डॉ. जितेंद्र पाराशर ने इस तरह के सम्मेलनों को शोध के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया. अकादमिक डीन ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं.संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य, डॉ. लक्ष्मीकांत मार्खेकर ने भी सभी प्रतिभागियों और आयोजक विभागों को बधाई दी.

दूसरे सत्र में, 8 तकनीकी सत्रों में 30 शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण चार समानांतर ट्रैक में किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमित ढिल्लों ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सह-समन्वयक मुकेश आज़ाद ने किया.सम्मेलन के दूसरे दिन दो मुख्य व्याख्यान और शेष शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण होगा.समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य और आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे.